PUBLICATION NAME :	**Rajasthan Patrika**
EDITION :	**Ahmedabad**
DATE :	**30/12/2021**
PAGE :	**02**

अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऑन इन्नोवेशन अचीवमेंट

ईडीआईआई शीर्ष पर, गुजरात के अन्य चार संस्थान भी टॉप टेन में शामिल

अहमदाबाद का एलडी इंजीनियरिंग कॉलेज चौथे, पीडीईयू 5वें, जीटीयू सातवें और गुजरात विवि 9वें रैंक पर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. शिक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी किए गए अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऑन इन्नोवेशन अचीवमेंट (एआरआईआईए) में गुजरात के पांच संस्थानों को शीर्ष दस में जगह मिली है। गांधीनगर स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) को सामान्य (गैर तकनीक) संवर्ग में पहला स्थान मिला है। ईडीआईआई सभी सात संवर्गों में पहला स्थान प्राप्त करने वाला राज्य का एकमात्र संस्थान है।

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार की ओर से रैंकिंग के जारी किए परिणाम में गुजरात टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय (जीटीयू) ने सातवां स्थान हासिल किया वहीं गुजरात विवि को 9वां स्थान मिला है। इन दोनों संस्थानों को सरकारी विश्वविद्यालय (तकनीकी) की कैटगरी में यह स्थान मिला है। तकनीकी संवर्ग के सरकारी कॉलेज में अहमदाबाद के एल डी इंजीनियरिंग कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी संवर्ग के निजी विवि में पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय (पीडीईयू) को पांचवें स्थान पर जगह मिली है। राष्ट्रीय महत्व के केन्द्रीय विवि व संस्थानों की सूची में गुजरात का कोई भी संस्थान शीर्ष दस स्थान में नहीं है।

देश भर के 1430 संस्थानों ने सात विभिन्न संवर्गों में हिस्सा लिया था। इस रैंकिंग के तहत संस्थानों को इन्नोवेशन आधारित वैश्विक रूप से मान्य निर्देशकों पर रैंक दिया जाता है। इनमें सफल इनोवेशन व स्टार्ट अप, फंडिंग इनोवेशन, बौद्धिक संपदा, इनोवेशन व उद्यमिता को मदद करने व बढ़ावा देने के लि वार्षिक बजट, प्रि-इन्क्यूबेशन व इन्क्यूबेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन पर पाठ्यक्रम, तकनीक ट्रांसफर जैसे अन्य निर्देशक शामिल हैं।

और ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा

यह काफी गर्व करने वाली बात है। संस्थान उद्यमिता व स्टार्ट अप के आशास्पद कार्यक्षेत्र के लिए लगातार काम कर रहा है। इससे और ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा। यह इस बात का भी प्रमाण है कि उद्यमिता को प्रधानता दिए जाने की बात भी सिद्ध होती है।

डॉ सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई।